प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 21.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, राज्य के विभिन्न पुलिस मुख्यालयों में याद किए गये शहीद जवान।

2. घाटशिला उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन, कल नामांकन पत्रों की होगी जांच, 11 नवंबर को डाले जाएंगे वोट।

3. गढ़वा पुलिस ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सतेंद्र साह को सासाराम से नामांकन के तुरंत बाद एक डकैती के आरोप में किया गिरफ्तार, गढ़वा में पेशी के बाद भेजे गये जेल।

4. रांची में 24 अक्टूबर से आयोजित होने वाले सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम पहुंची रांची, नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी पहुंचेगी आज।
   और

5. राज्य के करीब 17 जिलों में 24 अक्टूबर को गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज पुलिस स्मृति दिवस पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के जरिये शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

****

पलामू के पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पलामू के जोनल आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन शामिल हुए।

वहीं, चाईबासा जिला मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया।

इधर, बोकारो पुलिस केंद्र में भी आज शहीदों के सम्मान में संस्मरण दिवस मनाया गया। एसपी ने शहीद परिवारों की समस्याएं भी सुनीं और आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग हर सुख–दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा।

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन है। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, 24 अक्टूबर तक नाम वापसी की अंतिम तारीख है, जबकि 11 नवंबर को घाटशिला उपचुनाव के लिए मतदान होना हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि इस बार सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है।

****

गढ़वा और सासाराम पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुये सासाराम विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सतेंद्र साह को नामांकन के तुरंत बाद सासाराम से एक डकैती के मामले में गिरफ्तार किया। वे वर्ष 2004 में गढ़वा शहर के चिरौजिया मोड़ के पास बैंक की राशि की हुई लूट के मामले के मुख्य आरोपी हैं। सतेंद्र साह को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी है। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर 1800 –11–7800 पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑन लाइन सुझाव दिये जा सकते हैं। इस महीने की 24 तारीख तक सुझाव स्वी कृत किये जाएंगे।

****

बेडो थाना क्षेत्र के मुडामु गांव के अखरा में दिपावली की रात एक युवक की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले को लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जाच में लगी हुई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

****

चतरा में स्वदेशी उत्पादों के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ी है।

****

हजारीबाग में दीपावली के दूसरे दिन दशामशा भगाने की परंपरा आज भी जीवित है। ईचाक प्रखंड के जोगीडिह–जगड़ा गांव में ग्रामीणों ने सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया है। ग्रामीण चौराहे पर एकत्रित होकर अपने घरों की पुरानी टोकरी विधि–विधान से जलाते हैं। इस दौरान "दशामसा जो" के नारा लगाकर नकारात्मक ऊर्जा और अशुभता को दूर करने की कामना की जाती है।

****

दिवाली के उपलक्ष्य में स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई आज एक विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेंगे। यह प्रतीकात्मक ट्रेडिंग सत्र दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से 2 बजकर 45 मिनट के बीच आयोजित किया जाएगा। यह मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र दिवाली से शुरू होने वाले नए हिंदू वित्त वर्ष, विक्रम संवत 2082 की शुरुआत का भी प्रतीक है।

****

प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता असरानी का लंबी बीमारी के बाद कल निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। अभिनेता के भतीजे अशोक असरानी ने इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असरानी के फिल्म जगत के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

****

रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए रांची में खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया. आज मेजबान भारत के खिलाड़ी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। खिलाड़ियों का स्वागत खेल विभाग की ओर से झारखंड के पारंपरिक गमछा और फूल माला पहनाकर किया गया। चैंपियनशिप में भारत, श्रीलंका नेपाल, बांग्लादेश और मालदीव भाग ले रहे हैं। आज ही नेपाल और बांग्लादेश की टीमें भी रांची आएंगी।

****

राज्य के करीब 17 जिलों में 24 अक्टूबर को कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****